विज्ञान व्रत की पांच गज़ले

ग़ज़ल–1

तुमसे जितनी बार मिला हूँ
पहली – पहली बार मिला हूँ

तुम हर बार नये लगते हो
यों तो कितनी बार मिला हूँ

ऐसे ही हर बार मिलूँगा
जैसे अबकी बार मिला हूँ

दुनिया आज अचम्भे में है
तुमसे इतनी बार मिला हूँ

पहला लमहा याद रहेगा
यों तो काफ़ी बार मिला हूँ

शायद ही ऐसे मिल पाऊँ

जैसे पिछली बार मिला हूँ

ग़ज़ल –2

आपसे नज़दीकियाँ हैं

इसलिए तन्हाइयाँ हैं

आसमाँ पर ये सितारे

आपकी रानाइयाँ हैं

आशियाँ है ख़ास तो क्या

बिजलियाँ तो बिजलियाँ हैं

कल जहाँ ऊँचाइयाँ थीं

अब वहाँ गहराइयाँ हैं

आप हैं किस रौशनी में

गुमशुदा परछाइयाँ हैं

कर रही हैं शोर कितना

ये अजब ख़ामोशियाँ हैं

सुन रहे हैं लोग जिनको
आपकी सरगोशियाँ हैं

ग़ज़ल –3

रिश्ता भूल गया हूँ, देखो
क्या था भूल गया हूँ, देखो

ख़ुद को, उनको भूल गया हूँ
क्या – क्या भूल गया हूँ, देखो

उनसे मिलने जाना तो था
रस्ता भूल गया हूँ, देखो

जिसमें ज़िक्र तुम्हारा भी था
क़िस्सा भूल गया हूँ, देखो

ख़ुद भी क्या हूँ याद नहीं है

कितना भूल गया हूँ, देखो

घर अब कैसे बनवाऊँगा

नक़्शा भूल गया हूँ, देखो

तुम भी तो इक सपना ही थे

सपना भूल गया हूँ, देखो

ग़ज़ल –4

मुझको लेकर सोचेंगे

पर गूँगे क्या बोलेंगे

काग़ज़ कोरा छोड़ेंगे

वो जब मुझको लिक्खेंगे

मैं अब उनकी आदत हूँ

वो मुझको क्या छोड़ेंगे

जिनसे मेरा झगड़ा है

मेरे अपने निकलेंगे

जितना सुलझाओगे तुम

रिश्ते उतना उलझेंगे

ग़ज़ल –5

मुझको समझा मेरे जैसा

वो भी ग़लती कर ही बैठा

उसका लहजा तौबा ! तौबा !!

झूठा क़िस्सा सच्चा लगता

महफ़िल– महफ़िल उसका चर्चा

आख़िर मेरा क़िस्सा निकला

मैं हर बार निशाने पर था

वो हर बार निशाना चूका

आख़िर मैं दानिस्ता डूबा

तब जाकर ये दरिया उतरा

ग़ज़ल –6

जब उन्हें महसूसता हूँ

रब उन्हें महसूसता हूँ

मैं रहा अहसास जिनका

अब उन्हें महसूसता हूँ

अब किसी को क्या बताऊँ

कब उन्हें महसूसता हूँ

आज जो हस्सास हूँ कुछ

तब उन्हें महसूसता हूँ

आज अपनी ज़िन्दगी का

ढब उन्हें महसूसता हूँ

ग़ज़ल –7

क्या तस्वीर बनायी थी

क्या तस्वीर दिखायी दी

क्या पूछो बीनाई की

तू ही तू दिखलायी दी

मैंने लाख दुहाई दी

उसने कब सुनवाई की

उसने आकर महफ़िल में

मंज़र को रानाई दी

नादाँ हूँ क्या समझूँगा

ये बातें दानाई की

विज्ञान व्रत, G-mail:vigyanvrat@gmail.com, मोब . 9810224571, एन - 138 , सैक्टर - 25, नोएडा - 201301